महाशंखनाद

जनमत का महाशंखनाद

# लोकतंत्र के पावन पर्व में 'विकासवाद' का विजयाभिषेक : तिवारी




**नवभारत धनपुरी।** भारतीय लोकतंत्र के विराट आकाश में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल, असम तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों ने जनशक्ति की प्रखर चेतना और राष्ट्रनिर्माण के प्रति अटूट आस्था का अद्वितीय परिचय दिया है। इन परिणामों में भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को प्राप्त अभूतपूर्व जनादेश पर शहडोल जिला के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने गहन हर्ष व्यक्त करते हुए इसे 'विकासवाद का विजयाभिषेक' और 'जनता का दिव्य निर्णय' निरूपित किया है।

राकेश तिवारी ने अपने उद्गारों में कहा कि यह जनादेश केवल सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं, अपितु राष्ट्र की प्रगति, सुशासन और समरसता के प्रति जनमानस की अटूट प्रतिबद्धता का उद्घोष है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में कहा कि वहां की जागरूक जनता ने दीर्घकालीन हिंसा, अराजकता और तुष्टीकरण की प्रवृत्तियों को निर्णायक रूप से अस्वीकार करते हुए 'सोनार बांग्ला' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। यह परिणाम राज्य की राजनीति में नवयुग के शुभारंभ का प्रतीक है, जहां विकास, शांति और जनकल्याण की नई इबारत लिखी जाएगी।

असम के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वहां की जनता ने पुन: मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कुशल नेतृत्व तथा केंद्र और राज्य के समन्वित 'डबल इंजन' विकास मॉडल में अपना अटूट विश्वास प्रकट किया है। यह जनादेश इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जनता अब स्थायित्व, पारदर्शिता और प्रगति के पथ पर अग्रसर शासन व्यवस्था को ही अपना समर्थन देती है। असम में भाजपा की निरंतर प्रगति शांति, समृद्धि और सुदृढ़ प्रशासन की विजयगाथा बन चुकी है।

तिवारी ने आगे कहा कि यह ऐतिहासिक विजय केवल आंकड़ों और सीटों की गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन असंख्य समर्पित कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और अदम्य परिश्रम का पुण्यफल है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी संगठन के ध्वज को अविचल ऊंचाइयों पर स्थापित रखा। यह परिणाम जनविश्वास, राष्ट्रनिष्ठा और विकास की संकल्पशक्ति का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं समस्त समर्थकों को हार्दिक बधाई अर्पित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सरकार जनकल्याण, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए स्वर्णिम अध्याय रचेगी। अंत में राकेश तिवारी ने धनपुरी सहित समूचे प्रदेशवासियों को इस गौरवपूर्ण विजय पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जनादेश भारत को समृद्धि, सांस्कृतिक वैभव और आत्मनिर्भरता के पथ पर और अधिक दृढ़ता से अग्रसर करेगा।

# शहर में चर्चा का विषय बना, उप निरीक्षक की कुर्सी और शहर की जेबें



**नवभारत धनपुरी।** शहडोल जिले धनपुरी थाना क्षेत्र में इन दिनों उप निरीक्षक थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, तो कानून की किताबें शायद ही कुछ कह पाती हों। सूत्रों के मुताबिक, यही उप निरीक्षक साहब ने वसूली की कला को नए आयाम दे दिए हैं, और शहर भर में उनका नाम चर्चाओं की पंक्तियों में सबसे ऊपर है।

धनपुरी क्षेत्र में भ्रमण करने पर लोगों ने बताया कि थाना में तमाम अवैध गतिविधियों की लाल डायरी उप निरीक्षक के पास है जिसमे तमाम अपराधों से लेकर आपराधिक गतिविधियों का हिसाब महीना और साप्ताहिक के हिसाब से बना है। विशेषज्ञों का तर्क है कि भ्रष्टाचार की यह शैली इतनी कुशल है कि सीधे उच्चाधिकारियों की निगाहों से बच निकलती है। शहर की आम जनता मजाकिया अंदाज में कहती है धनपुरी पुलिस विभाग फिलहाल भले ही मौन साधे है पर धनपुरी नगर की जनता फुसफुसा रही है।

## अपराध और उप निरीक्षक

जानकारी के अनुसार धन की नगरी धनपुरी में न तो धन की कमी है न ख़र्च करने वालो की, बस काम उनके मन माफिक होना चाहिए और इसकी पूर्ति में ढाल बनकर खड़े उपनिरीक्षक खड़े हैं दशको से जमे उप निरीक्षक के पास नगर से जुड़े तमाम काले गोरे कामो का हिसाब और उनसे जुड़े लोगों की डायरी है जो बंद दरवाजे में बड़े साहब के इशारे से समय-समय पर खुलते हैं और साहब को हिसाब देकर अपने हिस्से की जेब भरी जा रही है एक दशक से जमे इस उपनिरीक्षक की कहानी भी अजीबोगरीब है थानों के आसपास के कस्बो की थाने की आबोहवा इन जनाब के लिए ऐसा हो गया है कि इन्हें अन्य जगह और कस्बे की हवा से गंध आ रही है अब तो धनपुरी की जनता भी उपनिरीक्षक के रवैये से वाकिफ हो चुकी है और अब हर काले काम का दाम उपनिरीक्षक से मुह खोलकर बता दिया जाता है।

# समझौता कर लो वर्ना अंजाम ठीक नहीं होगा



**नवभारत, बुढार।** थाना अमलाई अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी लक्ष्मीबाई जोगी द्वारा अनुविभागिय अधिकारी पुलिस के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंची व बताया कि 5 में को मेरे गांव के ही रहने वाले तेजभान,सुरेंद्र,,और शुभम द्वारा रंजिशवश मेरे घर में घुसकर मेरे साथ मारपीट की व अश्लीलता की गई मेरे साथ हु इस घटना की शिकायत लेकर मैं अमलाई थाना गई तो पुलिस द्वारा किसी प्रकार की आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई बल्कि मुझे कहा गया कि तुम आपसी समझौता कर लो मैं जब समझौता के लिए मना किया वह कार्रवाई की मांग की तब मुझे एनसीआर काटकर खाना पूर्ति कर दी गई आरोपियों पर कार्यवाही न होने से उनके हौसले बढ़ चुके हैं अब उनके द्वारा लगातार मुझे धमकी दी जा रही है वह कहा जा रहा है कि तुम समझौता कर लो नहीं अंजाम ठीक नहीं होगा इस घटना से मैं भयभीत व काफ़ी डरी हुई हूं ताकि दोबारा मेरे साथ पुन: ऐसी घटना की पुनरावर्ति न हो जिसकी शिकायत लेकर मैं एसडीपी कार्यालय में अपने साथ हुई घटना की शिकायत दी हूं वह उच्च अधिकारियों से मांग करती हूं कि मेरे साथ न्याय हो।

# बैंक, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

- नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अधिकारियों को दिए प्रभावी दिशा-निर्देश



**नवभारत, धनपुरी ( देवलपुर )।** 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को अधिक प्रभावी, जनहितकारी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से सिविल न्यायालय परिसर देपालपुर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश माननीय हिदायत उल्ला खान के मार्गदर्शन में बैंक , नगर परिषद तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयीन प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत केवल प्रकरणों के निराकरण का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी समझौते, सौहार्द और त्वरित न्याय की एक पावन व्यवस्था है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता, समन्वय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकृत कराने का प्रयास करें। जिला न्यायाधीश श्री खान ने विशेष रूप से बैंक अधिकारियों एवं नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जो नियमानुसार निर्धारित छूट, रियायत एवं ब्याज में राहत प्रदान की जा रही है, उसका पात्र पक्षकारों को पूर्ण लाभ दिया जाए, ताकि आम नागरिक आर्थिक एवं मानसिक बोझ से राहत प्राप्त कर सकें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोटिसों की तामीली पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से सुनिश्चित की जाए तथा पक्षकारों को समय पर सूचना देकर उन्हें नेशनल लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया जाए, जिससे समुचित सूचना और संवाद के माध्यम से अधिकाधिक पक्षकार नेशनल लोक अदालत से जुड़कर राजीनामा योग्य प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण निराकरण करा सकें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि विभागीय अधिकारी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों की सूची का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर समझौता योग्य मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित करें तथा पक्षकारों से संवाद स्थापित कर उन्हें नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु प्रेरित करें। जिला न्यायाधीश श्री खान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्यायपालिका,प्रशासन और अधिवक्तागण के संयुक्त प्रयासों का ऐसा मंच है, जहां बिना अनावश्यक विलंब के सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वित प्रयास करते हुए नेशनल लोक अदालत को जनहित का महाअभियान बनाने का आह्वान किया। बैठक में तहसीलदार संगीता गोलिया, दीपक पाटीदार,विनय कुमार, ओंकार सिंह, रंजन प्रकाश, अनिल राठौर, दीपक लक्षकार,के.बी.यादव, जितेंद्र पंकज , ज्ञानेश्वर जोशी सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, नगर परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सेवा दल के सस्थापक डॉ . एनएस हार्डीकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

- बड़े धूमधाम से दल दिवस के रूप में मनाया गया





**जयसिंहनगर शहडोल।** 7 मई 2026 दिन गुरुवार को जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा कांग्रेस सेवा दल के जनक संस्थापक डॉक्टर एन एस हाडिकर जीके जयंती अवसर पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया सर्वप्रथम डॉक्टर एन एस हाडिकर जीके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पअर्पित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवा दल प्रदेश सचिव सूरजपयासी ने किया कार्यक्रम के अध्यक्षता कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष रामसरोवर सिंह ने किया तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉककांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर के अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री ओपी शुक्ला किया एवं धर्मेंद्र सिंह भाटिया।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा सेवा दलसंस्था पक डॉक्टरहार्डिकरजी को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सेवा दल के प्रदेश सचिव सूरज पयासी ने अपने उद्बोधन मे डॉक्टर हाडिकर के जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहां किहाडिकरजी सेवा दल के न्यू डालते हुए स्वतंत्रताकी लड़ाई लड़तेहुए देश एवं समाज सेवा में अगली पंक्ति में सदैव खड़े रहें हैं उनका यह बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकता है। आईए हम सभी सेवा दलके साथी डॉक्टरहाडिकरजी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए हुए रास्ते का अनुसरण करें यही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि मानी जाएगी ।इसी प्रकारसे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा ने संगठन के बारे में विस्तृत रुप से प्रकाश डालें इसी प्रकार से ओपी शुक्ला ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सिंह भाटिया ने किया आभार प्रदर्शन सेवादल के जिला अध्यक्ष रामसरोवर सिंह ने किया कार्यक्रम का शुरुआत वंदे मातरम् तथा समापन जन गण मन कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रममें इनकी रही उपस्थित। अमर सिंह राजकुमार सिंह अरुण सिंह भैया लाल यादव बाबूखान रामनारायण मोगरे हरिलाल मार्को सुरतन पाल संजयसिंह जीवन लाल कुशवाहा इत्यादि बहुत आयत संख्या में सेवादल के लोग मौजूद रहे।

# भिटोनी स्टेशन के साइडिंग लूप लाइन में टैंकर वैगन में लगी आग





**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में बुधवार 6 मई की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब रेल प्रशासन ने एक के बाद एक खतरे के 5 सायरन बजा डाले। सायरन की आवाज सुनते ही रेल कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों में भी किसी रेल हादसे की खबर से चिंता की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि शाम को ठीक 4:56 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन पर सायरन बजना शुरू हुआ जो रुक-रुक कर लगातार 5 बार बजता रहा। सायरन की आवाज सुनकर लोगों में अफरा तफ़री मच गई। वहीं एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) तैयार की जाती रही। इस राहत गाड़ी में जिन-जिन कर्मचारी, अधिकारियों की ड्यूटी होती है, वे दौड़ते-भागते नजर आये। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या PLBG के एक टैंकर वैगन (CR 61723) में भिटोनी स्टेशन के साइडिंग लूप लाइन में आग लगने की सूचना 4:56 बजे प्राप्त हुई। आग पर नियंत्रण हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए 5:20 बजे आग बुझा दी गई तथा 5:25 बजे प्रभावित वैगन को सुरक्षित रूप से अलग (डिटैच) कर लिया गया। इसके पश्चात 5:45 बजे इस पूरे घटनाक्रम को मॉक ड्रिल घोषित कर दिया गया।

## मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड

ज्ञात हो कि रेलवे प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती है, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके बुधवार को आयोजित इस मॉक ड्रिल में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्कृष्ट समन्वय एवं तत्परता का परिचय देते हुए इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया।

# जीआरपी ने पकड़ा शातिर चोर




**जबलपुर, नवभारत।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व उप अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा जीआरपी थाना जबलपुर के अंतर्गत हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु टीम गठित कर भीड भाड मे हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग चलाई जा रही है। चैकिंग के दौरान 05 मई को प्लेटफार्म नं एक के इटारसी छोर रेलवे स्टेशन जबलपुर आउटर पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में पटरी पार करते हुये मिला जिसे मौके पर पकड़ा गया व स्टेशन आने का उचित कारण नहीं बता पाने पर जितेन्द्र झारिया पिता अनारी लाल झारिया उम्र 30 निवासी मझौली खबरा थाना मझौली जिला जबलपुर को थाने लाया गया और सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि विगत 4 मई को सुबह के समय अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी डिब्बे से एक लेडिस पर्स चोरी करना स्वीकार किया व चोरी किये लेडिस पर्स में मिले हुये चांदी की पायल, एक मोबाइल व 500 रूपये नगदी कुल कीमत 12500 रूपये का जेब से निकालकर पेश किया जो मामले का मसरूका होने से जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर संजीवनी राजपूत के नैतृत्व मे प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा प्रमोद गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

गुहार

नगर पालिका से मानवीय संवेदना की अपेक्षा

# प्याऊ सेवा से वंचित मालती पनिका की गुहार



**नवभारत, धनपुरी।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां एक ओर नगर में जनसहायता और सेवा कार्यों की आवश्यकता बढ़ जाती है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका परिषद धनपुरी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 17 निवासी मालती पनिका, जो पिछले लगभग दो दशकों से गर्मी के मौसम में प्याऊ सेवा के माध्यम से राहगीरों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य करती आ रही हैं, इस बार प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो गई हैं।

मालती पनिका ने बताया कि बीते वर्ष उनके परिवार में शोक की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके चलते उन्होंने अपनी जगह अपने सगे भाई को प्याऊ संचालन हेतु भेजा था। किंतु नगर पालिका द्वारा यह कहते हुए उन्हें वापस लौटा दिया गया कि जब तक वह स्वयं उपस्थित नहीं होंगी, तब तक किसी अन्य को यह कार्य नहीं सौंपा जा सकता। साथ ही यह भी कहा गया कि उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति और अटेंडेंस के आधार पर ही कार्य आवंटित किया जाएगा।

इस वर्ष भी मालती पनिका लगातार एक सप्ताह से नगर पालिका के चक्कर काट रही हैं, किंतु उन्हें अब तक प्याऊ संचालन की अनुमति नहीं मिल सकी है। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि नगर पालिका में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अमित सिंह बघेल द्वारा उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि कार्य देना या न देना उच्च अधिकारियों, विशेषकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्णय पर निर्भर है। मालती पनिका का कहना है कि वर्षों से निरंतर सेवा देने के बावजूद इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के इस रवैये को तानाशाही और असंवेदनशील बताया है। भीषण गर्मी में बार-बार कार्यालय के चक्कर काटना उनके लिए अत्यंत कष्टदायक साबित हो रहा है, साथ ही उन्हें किसी प्रकार का स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर भी नहीं मिल पा रहा है। नगर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि ऐसे सेवा कार्यों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि उन्हें अनावश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझाया जाना चाहिए। मालती पनिका की यह गुहार नगर पालिका प्रशासन से मानवीय संवेदनाओं के साथ निर्णय लेने की अपील करती है, ताकि वर्षों से जनहित में कार्य कर रही एक महिला को न्याय मिल सके और शहरवासियों को भी इस भीषण गर्मी में राहत प्राप्त हो सके।

**इनका कहना है**

जब इस संबंध में नगर पालिका धनपुरी में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक अमित सिंह बघेल से मानवी संवेदनाओं को देखते हुए नवभारत प्रतिनिधि ने चर्चा की तो सहायक राजस्व निरीक्षक अमित सिंह बघेल ने कहा कि इस संबंध में आप मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर लीजिए वही सारी जानकारी आपको उपलब्ध कराएंगी।